# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- ceupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4608/ कार्य-09/ 135 / दिनांक 21-7-2026

**सेवा मे,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "ग्रामीणों को पानी के लिये करना पड़ रहा संघर्ष, जनजीवन प्रभावित" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"ग्रामीणों को पानी के लिये करना पड़ रहा संघर्ष, जनजीवन प्रभावित"** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम गंगनी विकास खण्ड कमालगंज पेयजल योजना का निर्माण जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जा रहा है। वर्तमान में योजनान्तर्गत 175KL/20M Staging प्रस्तावित उच्च जलाशय का निर्माण कार्य अपूर्ण है, प्रस्तावित पम्प हाउस 01 नग, बाउन्ड्रीवॉल, टयूब बैल, सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं प्रस्तावित 380 नग गृहसंयोजन भी करा दिये गये है वर्तमान में पेयजल योजना से सीधे नलकूप से क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति ग्रामवासियों को की जा रही है। योजना के अवशेष कार्यो जैसे– उच्च जलाशय का निर्माण करने एवं अन्य अवशेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु कार्यदायी फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है।**

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**(मो0 कासिम हाशमी)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# फर्रुखाबाद के गंगनी में जल जीवन मिशन का काम अधूरा: ग्रामीणों को पानी के लिए करना पड़ रहा संघर्ष, जनजीवन प्रभावित

आयुष | खुदागंज(सदर), फर्रुखाबाद
3 दिन पहले



कमालगंज विकास खंड के गांव गंगनी में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में योजना का काम आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। गांव के आधे हिस्से में तो पानी की आपूर्ति हो रही है, लेकिन आधे गांव के लोगों को अब भी पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है।

**गरमीनों को पानी के लिए परेशानी**

ग्रामीण मनीराम पुत्र ज्याला प्रसाद, विमल पुत्र पंचमलाल, गुड़ी देवी पत्नी सतेंद्र, संध्या पत्नी बलराम समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने और पानी की आपूर्ति का कार्य शुरू किया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि योजना पूरी होने के बाद उन्हें घर पर ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। हालांकि, काम पूरा न होने के कारण गांव के कुछ हिस्सों में पानी पहुंच रहा है, जबकि कई परिवारों को अब भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रधान से समस्या के समाधान की मांग**

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित लोगों और ग्राम प्रधान से समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन अभी तक पूरी तरह से पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से अधूरे कार्य को जल्द करे।

**ग्राम प्रधान का बयान:** ग्राम प्रधान गंगाराम ने बताया कि जल जीवन मिशन के अधिकारी और संबंधित कार्यदायी संस्था के कर्मचारी गांव में काम कराने के बाद कार्य को अधूरा छोड़कर चले गए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और जल जीवन निगम के अधिकारियों से बातचीत कर अधूरे कार्य को पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

**जल जीवन मिशन अधिकारी का पक्ष:** इस संबंध में जल जीवन मिशन के संबंधित अधिकारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया।

अधिकारी ने बताया कि गांव में योजना के तहत कराए गए कार्य की स्थिति की जांच कराई जाएगी। जहां भी काम अधूरा है या जलापूर्ति बाधित है, वहां आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner